Roll No. .... Total Pages: 03

2605

B.A./B.Ed. (Integrated) Second Year Examination, 2019

हिन्दी साहित्य (Hindi Litt. – I)

(रीतिकालीन काव्य)

Time: Three Hours

Maximum Marks: 80

Instructions –

Attempt **five** questions in all, selecting at least **one** question from each unit.

निर्देश –

प्रत्येक इकाई में से कम–से–कम **एक** प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इकाई – I

प्र.1 सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (8+8=16)

(अ) "पूरन पुरान अरु पुरुष पुरान परि–
पूरन बतावैं, न बतावैं और उक्ति को।
दरसन देत, जिन्हैं दरसन समुझै न
नेति नेति कहैं छाँड़ि भेद–युक्ति को।"

अथवा

"मेरी भव–बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाईं परै, स्यामु हरितु–दुति होय।।

(ब) "भए अति निठुर, मिटाए पहचानि डारी,
याही दुख हमैं जक लागी हाय–हाय है।
तुम तो निपट निरदई, गई भूल सुधि,
हमैं सूल सेलनि सो क्यौं हूँ न भुलाय है
मीठे–मीठे बोल बोलि, ठगी पहिलें तौ तब
अब जिय जारत कहौ धौ कौन न्याय है।।"

अथवा

"इन्द्र जिमि जंभ पर बाड़ब सुअंभ पर
    रावन सदंभ पर रघुकुल–राज हैं।
पौन बारिबाह पर सम्भु रतिनाह पर,
    ज्यौं सहस्त्रबाहु पर राम द्विजराज हैं।।
दावा द्रुम–दण्ड पर, चीता मृग–झुण्ड पर
    'भूषन' वितुण्ड पर जैसे मृगराज हैं।
तेज तम–अंस पर, कान्ह जिमि कंस पर
    त्यौं मलिच्छ–बंस पर सेर सिवराज हैं।।"

इकाई – II

प्र.2 (अ) केशव की काव्यगत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। (8+8=16)

अथवा

"बिहारी का काव्य गागर में सागर भरने के समान है।" कथन की समीक्षा कीजिए।

(ब) "घनानन्द प्रेम की पीर के कवि हैं।" कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

अथवा

"बिहारी के काव्य में भक्ति, नीति और श्रृंगार की त्रिवेणी प्रवाहित हैं। सोदाहरण सिद्ध कीजिए।

इकाई – III

प्र.3 (अ) 'सेनापति का ऋतु– वर्णन विशिष्ट है' सोदाहरण समझाइए। (8+8=16)

अथवा

भूषण की राष्ट्रीय भावना पर अपना मत स्पष्ट कीजिए।

(ब) घनानन्द का काव्य–सौंदर्य उद्घाटित कीजिए।

अथवा

सेनापति के काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए।

इकाई – IV

प्र.4 (अ) पठित अंश के आधार पर भूषण के कला पक्ष का मूल्यांकन कीजिए। (8+8=16)

अथवा

"भूषण धारा में बहने वाले कवि नहीं थे।" सिद्ध कीजिए।

(ब) मतिराम का काव्य– सौन्दर्य उद्घाटित कीजिए।

अथवा

मतिराम के प्रकृति वर्णन पर लेख लिखिए।

इकाई – V

प्र.5 (अ) प्रमुख काव्यशास्त्रीय सिद्धान्तों का परिचय देते हुए रीति सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए। (8+8=16)

अथवा

'रीति' का अर्थ स्पष्ट करते हुए काव्यशास्त्रीय रीतियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(ब) नायिका भेद पर एक लेख लिखिए।

अथवा

रीति सिद्धान्त व अलंकार सम्प्रदाय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।